2. संकेत-शब्दों की सहायता से निबंध लिखिए–

मेरा प्रिय त्योहार

(**संकेत-शब्द**– त्योहार का नाम, यह त्योहार आपके लिए प्रिय क्यों है, कब मनाया जाता है, घर में क्या-क्या पकवान बनते हैं, अपने मित्रों के साथ त्योहार कैसे मनाते हैं।)

दिवाली

1. मेरा प्रिय त्योहार दिवाली है।
2. दिवाली रोशनी का त्योहार है।
3. हम अपने घर की साफ़-सफ़ाई करते हैं।
4. दिवाली पर घर को दियों से रोशन करते हैं।
5. घर के प्रवेश द्वार पर रंगोली भी बनाई जाती है।
6. हम अपने रिश्तेदारों और दोस्तों के घर जाकर उन्हें उपहार और मिठाइयाँ भी देते हैं।
7. हम लक्ष्मी जी और गणेश जी की पूजा करते हैं।
8. हमें पटाखे नहीं जलाने चाहिए क्योंकि उनसे प्रदूषण होता है।